बिहार सरकार,

गृह विभाग (आरक्षी शाखा)

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती)

05, हार्डिंग रोड, पटना – 800 001

(वेबसाइट– https://csbc.bihar.gov.in)

बिहार पुलिस में सिपाही के पद पर भर्ती हेतु विज्ञापन संख्या–01/2025 के प्रकाशन के संबंध में सूचना

1. **विभागः–** गृह विभाग (आरक्षी शाखा) अंतर्गत बिहार पुलिस
2. **पद का नाम :–** सिपाही
3. **रिक्ति :–** 19,838
4. **ऑनलाईन आवेदन प्रारंभ तिथिः–** 18/03/2025
5. **ऑनलाईन आवेदन अंतिम तिथिः–** 18/04/2025
6. **अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता :– सिपाही** के पद के लिए शैक्षणिक अर्हता **दिनांक** 18.04.2025 तक इण्टरमीडिएट (10+2) उत्तीर्ण अथवा बिहार राज्य के मदरसा बोर्ड द्वारा निर्गत मौलवी प्रमाण–पत्र अथवा बिहार राज्य के संस्कृत बोर्ड द्वारा निर्गत शास्त्री (अंग्रेजी सहित) अथवा आचार्य (अंग्रेजी रहित) प्रमाण–पत्र अथवा राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त अन्य समकक्ष शैक्षणिक अर्हता होगी।
7. **भर्ती प्रक्रिया :–** जिन अभ्यर्थियों के आवेदन–पत्र वैध पाये जायेंगे उनके लिए लिखित प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की जायेगी । जिला पुलिस एवं बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस की रिक्तियों के लिए चयन/भर्ती की प्रक्रिया एक साथ होगी । अभ्यर्थियों को इच्छित इकाइयों (बिहार पुलिस एवं बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस) के लिए अपनी प्राथमिकता देने का अवसर दिया जाएगा। नियुक्ति हेतु चयनित होने पर मेधाक्रम अनुसार अभ्यर्थी द्वारा दी गई प्राथमिकता पर विचार किया जाएगा।
8. **प्रथम चरण** में 100 अंकों की लिखित परीक्षा होगी जिसमें वस्तुनिष्ठ प्रकार का एक प्रश्न–पत्र होगा। दो घंटों के प्रश्न–पत्र में कुल 100 प्रश्न होंगे जिसमें प्रत्येक सही उत्तर के लिए एक (01) अंक देय होगा।

   द्वितीय चरण में शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित की जायेगी जिसके लिए आरक्षण कोटिवार लिखित परीक्षा की मेधा के आधार पर रिक्तियों के पाँच (05) गुणा अभ्यर्थियों का आरक्षण कोटिवार चयन किया जाएगा। सिपाही के पद पर नियुक्ति हेतु चयन के लिए अंतिम मेधा सूची शारीरिक दक्षता परीक्षा के अधीन तीनों स्पर्धाओं यथा– दौड़, गोला फेंक एवं ऊँची कूद में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर तैयार की जायेगी।
9. इच्छुक भारतीय नागरिक बिहार पुलिस में सिपाही की रिक्तियों के विरूद्ध केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) की वेबसाइट – https://csbc.bihar.gov.in पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन एवं ऑनलाइन आवेदन–पत्र भरने की प्रक्रिया के अनुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
10. विस्तृत विज्ञापन एवं आवेदन–पत्र भरने की पूरी प्रक्रिया केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) की वेबसाइट– – https://csbc.bihar.gov.in पर 'Bihar Police' के Tab पर या Advts by Group में Advt. No. 01/2025 में उपलब्ध है।

ह0/–

अध्यक्ष

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती),

बिहार

ज्ञापांक 01/के0च0प0(सू0)

दिनांक 10/03/2025

X ------------------ X